परेशानी | बारिश में बदहाल हुई नर्मदा गंज की सड़कें, नगर परिषद से तत्काल कार्रवाई की मांग

सीवर लाइन के बाद अधूरा रेस्टोरेशन बना मुसीबत

डिंडोरी, नवभारत 18 जून। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 नर्मदा गंज में सीवर लाइन परियोजना के बाद अधूरा छोड़ दिया गया रेस्टोरेशन कार्य अब स्थानीय नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

बारिश शुरू होते ही उखड़ी हुई सड़कें, जगह-जगह बने गड्ढे, कीचड़ और जलभराव ने वार्डवासियों की परेशानी को और भी बढ़ा दिया है। स्थिति यह है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है।

दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

जानकारी के अनुसार सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को नियमानुसार पूर्व स्थिति में बहाल किया जाना था, लेकिन कई स्थानों पर रेस्टोरेशन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। परिणामस्वरूप पहली ही बारिश में सड़कें उखड़ गईं और गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार विभाग की लापरवाही का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

उफनते नाले और सड़कों पर फैल रहा गंदा पानी

बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था की खामियां भी उजागर हो गई हैं। वार्ड के कई हिस्सों में नालियां और नाले जरा सी बारिश होते ही उफान मारने लगते हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा होता है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

अनाधिकृत स्पीड ब्रेकर बन रहे दुर्घटना का कारण

वार्ड में कई स्थानों पर बिना मानक और चेतावनी संकेतक के बनाए गए स्पीड ब्रेकर भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। विशेषकर रात के समय इन स्पीड ब्रेकरों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने इन्हें तत्काल हटाने अथवा नियमानुसार व्यवस्थित करने की मांग की है।

इनका कहना है

सीवर लाइन परियोजना के बाद सड़कों का गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन, नाली व्यवस्था और यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। वार्ड क्रमांक 9 में अधूरे कार्यों और अव्यवस्थाएं चिंता का विषय है। जनता को हो रही परेशानियों के लिए जिम्मेदार एजेंसियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

सम्यक जैन, अधिवक्ता

ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

चिल्हारी नवभारत 18 जून। जिले के अमरपुर चौकी अंतर्गत महरोई मोड़ के पास बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बाइक और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। हादसे में अजय कोल तथा करण की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आपस में साला-बहनोई बताए जा रहे हैं, वहीं अमन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किओस्क सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप

खाताधारक ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

चिल्हारी नवभारत 18 जून। जिले मानपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम चिल्हारी ग्रामीण बैंक के सामने संचालित किओस्क सेंटर में खाताधारकों से नगदी निकासी पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि किओस्क संचालक पवन गुप्ता द्वारा बैंक खाते से राशि निकालने पर अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, खाताधारकों से 1 हजार रुपये निकालने पर 10 रुपये तथा 10 हजार रुपये निकालने पर 100 रुपये वसूले जा रहे हैं, जबकि संबंधित ग्राहकों के खाते उसी ग्रामीण बैंक में खाता होने के बावजूद इस प्रकार की वसूली किए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई है।

दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क की कोई सूचना किओस्क केंद्र पर प्रदर्शित नहीं की गई है और खुलेआम राशि ली जा रही है। क्षेत्रवासियों ने बैंक प्रबंधन एवं प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राहकों का कहना है कि यदि सेवा शुल्क निर्धारित है तो उसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए, अन्यथा अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी पर कार्यवाही की जाएं।

इनका कहना है

आपके माध्यम से उपरोक्त विषय की जानकारी मुझे दी गई है। मैं निश्चित रूप ही उपरोक्त विषय की जांच कर कार्रवाई करुंगा।

श्री राजपूत, बैक मैनेजर

अवॉर्ड की चमक के पीछे छिपा बाघों की मौतों का काला सच

क्या 'टाइगर टूरिज्म' की अंधी दौड़ में कुर्बान हो रहा है बांधवगढ़ का भविष्य ?

नवभारत उमरिया 18 जून। गोवा के मंच पर पुरस्कारों की चमक है, तालियां हैं, सम्मान है और उपलब्धियों के दावे हैं, लेकिन उसी समय बांधवगढ़ के जंगलों में कई ऐसे सवाल गूंज रहे हैं जिनका जवाब शायद किसी के पास नहीं है। आखिर क्यों?

लगातार बाघों की मौतों की खबरें सामने आ रही हैं? क्यों मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है? और क्यों संरक्षण की बजाय पर्यटन को प्राथमिकता मिलने के आरोप लग रहे हैं? बांधवगढ़, जिसे कभी बाघों का सुरक्षित घर कहा जाता था, आज आलोचकों के निशाने पर है। जंगल प्रेमियों का आरोप है कि यहां संरक्षण से ज्यादा फोकस पर्यटन कारोबार पर दिखाई देता है। बाघों की सुरक्षा, उनके प्राकृतिक व्यवहार और जंगल की शांति की कीमत पर क्या पर्यटन का दबाव लगातार बढ़ाया जा रहा है।

जंगल या तमाशाघर-सफारी मार्गों पर दौड़ती जिप्सियां, बाघों की एक झलक पाने की होड़ और वायरल वीडियो बनाने की प्रतिस्पर्धा ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि अत्यधिक मानवीय हस्तक्षेप वन्यजीवों के व्यवहार को प्रभावित करता है। इसके बावजूद क्या बांधवगढ़ में नियमों का पालन उतनी सख्ती से हो रहा है, जितना कागजों में दिखाया जाता है?

मौतों का सिलसिला और जवाबदेही का सवाल-बाघों की मौतों की घटनाओं ने संरक्षण व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर घटना के बाद जांच, रिपोर्ट और कार्रवाई के दावे सामने आते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए? यदि नहीं, तो जिम्मेदारी किसकी तय होगी।

अवॉर्ड बनाम हकीकत-एक तरफ राष्ट्रीय स्तर के सम्मान और उपलब्धियों का जश्न मनाया जा रहा है, दूसरी तरफ जंगल से जुड़े कई मुद्दे लगातार चर्चा में हैं। आलोचकों का कहना है कि यदि संरक्षण की बुनियादी चुनौतियां बरकरार हैं, तो केवल पुरस्कारों से वास्तविक तस्वीर नहीं बदल सकती।

बांधवगढ़ का सबसे बड़ा सवाल-बांधवगढ़ की पहचान उसके बाघ, जंगल और जैव विविधता हैं। यदि इन्हीं पर दबाव बढ़ता गया तो आने वाले वर्षों में यह संकट और गहरा सकता है। अब जरूरत केवल सम्मान समारोहों की नहीं, बल्कि उन सवालों के जवाब की है जो जंगल, बाघ और स्थानीय समुदाय लगातार पूछ रहे हैं। क्योंकि इतिहास गवाह है-जब संरक्षण कमजोर पड़ता है, तो जंगल पहले खामोश होते हैं और फिर उजड़ जाते हैं।

बच्चों की सुरक्षा का मुद्दा उठा तो जागा प्रशासन

केंद्रीय विद्यालय मार्ग की मरम्मत की गई

डिंडोरी, नवभारत 18 जून। केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी के वर्षों से बदहाल और अधूरे पड़े पहुंच मार्ग को लेकर बुधवार को नवभारत द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित समाचार का असर तत्काल देखने को मिला।

खबर प्रकाशित होने के बाद जिला कलेक्टर अंजु पवन भदौरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद सड़क पर डस्ट और गिट्टी बिछाकर उसे फिलहाल आवागमन के लिए चलने योग्य बनाया गया।

सड़क पर थे बड़े-बड़े गड्ढे

गौरतलब है कि नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होते ही केंद्रीय विद्यालय पहुंच मार्ग की जर्जर स्थिति एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दौरान दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई थी।

स्थायी समाधान की उम्मीद

हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल अस्थायी राहत है। वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का स्थायी निर्माण कराया जाना आवश्यक है, ताकि हर वर्ष बारिश के मौसम में यही समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन अब इस मार्ग के पूर्ण निर्माण की दिशा में भी ठोस कदम उठाएगा। और फिर कलेक्टर ने भी यह संकेत दे दिए है कि सड़क निर्माण को लेकर प्रयास जारी है ।

महाराणा का जीवन राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है : महेन्द्र

अमरपुर मुख्यालय में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

अमरपुर नवभारत 18 जून। वीर शिरोमणि, राष्ट्र गौरव, स्वाभिमान और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर राजपूत समाज जिला डिंडौरी द्वारा जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व तिलक वंदन किया गया। तत्पश्चात उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उपस्थितजनों द्वारा जयघोष किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी समाज को स्वाभिमान, साहस और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता हैं।

इनकी रही उपस्थिति-समारोह में क्षेत्रीय जनपद सदस्य मालती तिवारी, पार्वती बर्मन, जानकी ठाकुर, पत्रकार शिवकुमार, पप्पू नागेश्वर, देव सिंह भारती, कृष्ण कन्हैया ठाकुर, कृष्ण कुमार गौतम, मुनेश्वर प्रसाद ठाकुर, अरविंद तिवारी, पारस कछवाहा, दौलत राजपूत, खुमान ठाकुर, आशुतोष तिवारी, गंगा राम कछवाहा, पुलिस स्टाफ सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और जनसेवा का दिया मंत्र

प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के डिंडोरी आगमन पर किया गया स्वागत

डिंडोरी, नवभारत 18 जून। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के प्रथम डिंडोरी आगमन पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के उपस्थिति में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अनुसूचित जन जाति प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंग तेकाम, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ,प्रदेश सह प्रभारी ओबीसी मोर्चा धनेश धनंजय एवं जिले के सभी भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं, पुष्पगुच्छों एवं जयघोष के साथ आत्मीय स्वागत किया।

भाजपा एक विशाल परिवार है

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री पाटीदार ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और जनसेवा को सर्वोपरि मानने वाला एक विशाल परिवार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

बूथ स्तर पर सक्रियता ही पार्टी की ताकत

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर पर सक्रियता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, सामाजिक समरसता एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर भी उन्होंने विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

पीएस कंस्ट्रक्शन को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव

कलेक्टर ने गुणवत्ताहीन कार्य पर की सख्त कार्रवाई

डिंडौरी, नवभारत 18 जून। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड बजाग के ग्राम बिलाईखार में निर्माणाधीन नल-जल योजना में गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर सख्त संज्ञान लिया है।

विगत दिनों ठेकेदार पी.एस. कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्मित 75 हजार लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी की टंकी के छज्जे के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने संबंधी खबरें विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित हुई थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच कराई, जिसमें निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जबलपुर के अधीक्षण यंत्री को संविदाकार पीएस कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे ब्लैकलिस्ट में डालने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।

गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित करने प्रशासन प्रतिबद्ध

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिले में गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कलेक्टर द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है।

सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है योग : भदौरिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

डिंडौरी, नवभारत 18 जून। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विकासखंड, तहसील एवं जिला मुख्यालय स्तर पर बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिनमें विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो।

मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका-कलेक्टर ने कहा कि योग बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य संवर्धन तथा समाज में सद्भावना और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

योग दिवस कार्यक्रम को बनाए सफल-बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त, डीपीसी, पुलिस विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर ने एसडीएम डिंडौरी, शाहपुरा एवं बजाग को योग दिवस कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय एवं विशेष सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आरोप | ग्रामीणों ने कहा- सड़क निर्माण में फर्जी बिलों से राशि का आहरण किया गया

भ्रष्टाचार का गढ़ बनी ग्राम पंचायत मौहारी

अमरपुर नवभारत 18 जून। जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत मौहारी जोकि वर्षों से सिर्फ अनियमित्ताओं के लिए ही जाना जाता हैं, ऐसे आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा एक वर्ष पूर्व वनक्षेत्र बीजा में एक तालाब निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, जोकि लंबा समय बीत जाने के बावजूद भी आज तक पूर्ण नहीं हो सके। निर्माण रिजर्व फॉरेस्ट में किया गया हैं, जहां कुछ सरई के पेड़ भी काटे गए हैं, जोकि बतौर सबूत आज भी निर्माणाधीन तालाब के अंदर आसानी से देखे जा सकते हैं।

निर्माण स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाया गया

उक्त तालाब किस मद से और कितनी लागत से बन रहा हैं इसकी जानकारी नहीं हो सकी, क्योंकि निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का सूचना पटल नहीं लगाया गया हैं। जब ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे तो वहां पर ताला बंद मिला। इसी प्रकार मौहारी बड़े टोला में एक सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण स्वीकृत कर जनवरी माह में फर्जी बिल के माध्यम से 94400 रुपयों का आहरण कर लिया गया है, यह आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

जांच की गई तो पोल खुल जाएगी

बताया गया कि बिल में रेत, गिट्टी एवं सीमेंट क्रय करना दर्शाया गया हैं, परंतु कार्यस्थल पर दो ट्राली गिट्टी एवं एक ट्रॉली रेत खरीदी की गई। यह जानकारी पंचायत के सूत्रों द्वारा दी गई हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप हैं कि इस ग्राम पंचायत की सूक्ष्मता से दोनों पंचवर्षीय की जांच की जाए तो ऐसे कई निर्माण कार्य फाइल में तो आसानी से मिल जाएंगे, परंतु गांव और कार्य स्थल पर कुछ भी नहीं हैं।

लेनदेन की बात सोशल मीडिया में वायरल

पूर्व में सरपंच एवं उपयंत्री की लेनदेन संबंधी मोबाइल पर की गई बात सोशल मीडिया में भी वायरल हई थी। यह जानकारी भी सूत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किए जाने के चलते इनके हौसले और बुलंद हो रहे हैं। वित्तीय अनियमितताओं से जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी भी अनभिज्ञ नहीं हैं।

इनका कहना है

तालाब निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व का हैं। मैं स्थानांतरित होकर कुछ माह पूर्व ही आया हूं।

वंशपाल, उपयंत्री

हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

शहपुरा में जनकल्याण शिविर का आयोजन

शहपुरा नवभारत 18 जून। जनपद पंचायत शहपुरा कार्यालय में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का 'शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण' सुनिश्चित करना तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान करना रहा।

शिविर में मुख्य अतिथि रूप से शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे, शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा। शिविर में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि, श्रमिक कार्ड सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया-पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन कर कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। कई हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, लाभ स्वीकृति आदेश एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज शिविर स्थल पर ही उपलब्ध कराए गए, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना उद्देश्य : धुर्वे-शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।